ACTIVITIES CONDETED BY DEPARTMENT 2021-22

जे. एस. एम. महाविद्यालय, अलिबाग-रायगड

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग एवं शोध केंद्र

-------------------------------------

वर्ष 2021-22 में हिन्दी साहित्य मण्डल का पुनर्गठन कर नवीनीकरण किया गया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय को अध्यक्ष पद प्रदान करते हुए गौरवान्वित किया गया। साथ ही हिन्दी साहित्य मण्डल के कार्यवाह के रूप में हिन्दी विभागाध्यक्ष कैप्टन डॉ. मोहसिन खान को पद प्रदान किया गया। इस मण्डल में स्नातक और स्नातकोत्तर 6 विद्यार्थियों का सदस्य के रूप  में चयन किया गया तथा हिन्दी साहित्य मण्डल के संचालन हेतु संचालक तौर पर श्री नरेंद्र पाटील को पदभार प्रदान किया गया। इस प्रकार से सन 2021-22 में हिन्दी साहित्य मण्डल का नवीनीकरण करते हुए नई योजनाएँ कार्यान्वित करने की दिशा तय की गई।

1 जुलाई 2021 कों विवेकानंद कॉलेज, कोल्हापुर के ‘भक्ति साहित्य और संगीत परंपरा’ विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहसिन खान ने निर्देशित किया। जिसमें महाविद्यालय के हिन्दी विषय के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने सहभाग लिया। 9 और 10 अगस्त 2021 को सोनुभाऊ बसवंत कॉलेज शहापुर, जिला- ठाणे द्वारा आयोजित वर्कशॉप में नए सिरे से बनाए गए TYBA के पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रश्नपत्र को समन्वयक के रूप में स्पष्ट करते हुए निर्देशित किया।

5 सितंबर 2021 कों शिक्षक दिवस के अवसर सोनुभाऊ बसवंत कॉलेज शहापुर, जिला- ठाणे की ओर से झूम और यू ट्यूब पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ. मोहसिन खान ने व्याख्यान दिया। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थी और पीएच.डी. के शोधार्थियों ने सहभाग लेकर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान, शिक्षकों की महती और उनके प्रदेय से परिचित हुए। 11 सितंबर 2021 को जैन डिपार्टमेन्ट ऑफ मीडिया स्टडीज़ की ओर से ‘साहित्य, समाज और जागतिक माध्यम’ विषय पर आंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ. मोहसिन खान ने अपना अभिमत प्रस्तुत किया। 12 सितंबर 2021 कों रिसर्च कल्चर सोसायटी, बड़ौदा द्वारा आयोजित आंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में ‘राष्ट्रवाद का वर्तमान परिदृश्य’ विषय पर डॉ. मोहसिन खान ने अपनी बात रखी। इन ऑनलाइन वेबिनार में जुड़कर विद्यार्थियों ने ज्ञान प्राप्त किया।

हिन्दी साहित्य मण्डल ने 14 सितंबर 2021 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया, जिसमें ‘हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि के आंतर्राष्ट्रीय प्रभाव, अंतर्संबंध एवं उपयोगिता’ के संदर्भ में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के माध्यम से हिन्दी की वर्तमान दशा और दिशा को स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की महत्ता और उपादेयता से विद्यार्थियों को परिचित कराया। हिन्दी भाषा और रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जागृत करते हुए उसकी दिशाओं की जानकारी प्रदान की गई।

29 नवंबर 2021 को रिजवी कॉलेज बांद्रा, मुंबई के काव्य लेखन वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। जिसमें महाविद्यालय के हिन्दी विषय के विद्यार्थियों ने जुड़कर काव्य लेखन का परिचय प्राप्त किया। 10 जनवरी 2021 को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर सी. के. टी. महाविद्यालय द्वारा आयोजित आभासी कार्यक्रम में डॉ. मोहसिन खान ने विद्यार्थियों कों ‘हिन्दी भाषा की महती और उपादेयता’ को दर्शाया। 10 जनवरी

2022 में दोपहर को हिन्दी विभाग, मानित विश्वविद्यालय चूरू (राजस्थान) की ओर से विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान में डॉ. मोहसिन खान ने 'देवनागरी : लिपि एवं हिन्दी भाषा : भविष्य की आशा' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इन दोनों आभासी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के हिन्दी विषय के बहुतांश विद्यार्थी सहभागी हुए। 11 जनवरी 2022 को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय ने ' वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी : स्वरूप और संभावनाएँ में आयोजित ऑनलाइन परिसंवाद में डॉ. मोहसिन खान ने हिन्दी में भारतीय भाषाओं के शब्दों की स्वीकार्यता बढ़ाने का निर्देश दिया। 19 फरवरी 2022 को सेंट जेवीयर्स कॉलेज रांची द्वारा आयोजित वेबिनार में डॉ. खान ने विषय प्रवक्ता के रूप में अपनी बात रखी। 21 फरवरी 2022 सोनुभाऊ बसवंत कॉलेज शहापुर, जिला- ठाणे द्वारा आंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. मोहसिन खान ने 'वैश्विक परिदृश्य और हिन्दी' विषय से संबंधित अपने अभिमत दिए। इन सभी वेब संगोष्ठियों में हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अध्यापकों ने उत्स्फुर्त सहभाग लिया।

इस वर्ष में हिन्दी शोध केंद्र से शोधार्थी नरेंद्र पाटील ने 11 अगस्त 2021 को मुंबई विश्वविद्यालय में पीएच.डी. की सिनॉप्सिस प्रस्तुत की। उन्हें शोध निर्देशक डॉ. मोहसिन खान ने पीएच.डी. थीसिस की कार्यनीति बताते हुए उसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। अन्य शोधार्थियों के शोधकार्य के प्रगति की जानकारी ली। अप्रैल 2021 में हुए स्नातक परीक्षा का रिझल्ट 100% लगा। जिसमें 1 विद्यार्थी ने A तो 6 विद्यार्थियों ने B+ श्रेणी प्राप्त की। स्नातकोत्तर भाग दो सत्र चार की जून 2021 में हुई परीक्षा का परिणाम 100% रहा। जिसमें दो विद्यार्थियों ने A+ और पाँच विद्यार्थियों ने A श्रेणी प्राप्त की। इस वर्ष स्नातक कक्षा में 10, एम. ए. भाग- I में 12 और एम. ए. भाग- II में 03 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

डॉ. मोहसिन ख़ान
स्नातकोत्तर हिन्दी विभागाध्यक्ष
एवं शोध निर्देशक
जनता शिक्षण मण्डल द्वारा संचालित
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
अलिबाग-४०२२०१, ज़िला-रायगड़ (महाराष्ट्र)